इतनी सी फ़रियाद मेरी याद रखना अटल माँ मेरा सुहाग रखना

इतनी सी फ़रियाद मेरी याद रखना,
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

मैया जी के माथे पे बिंदिया लगी है
बिंदिया लगी है बड़ी प्यारी सजी है
बिंदिया का रंग लाल मेरे साथ रखना
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

मैया जी के तन पे चोला रंगा है
चोला रंगा है बड़ा प्यारा सजा है
चुनरी का रंग लाल मेरे साथ रखना
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

मैया जी के हाथो में चुड़ा डला है
चुड़ा डला है बड़ा प्यारा लगा है
चुड़े की खनकान मेरे साथ रखना
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

मैया जी के हाथो में मेहंदी लगी है
मेहँदी लगी है बड़ी प्यारी रची है
मेहंदी वाला हाथ मेरे सिर पे रखना
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

मैया जी के पैरो में पायल डली है
पायल डली है बड़ी प्यारी बजे है
पायल वाला पैर मेरे घर पे रखना
अटल माँ मेरा सुहाग रखना

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/631/title/itni-si-fariyaad-meri-yaad-rakhna-atal-maa-mera-suhaag-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |